## अवैध कॉलोनी पर एक्शनः नगर निगम टीम से गाली गलौज, जान से मारने की धमकी, दो पर केस दर्ज





**सतना।** शहर में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची नगर निगम की कॉलोनी सेल की टीम को तीखे विरोध और जानलेवा धमकी का सामना करना पड़ा। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। नगर निगम सूत्रों के अनुसार,अवैध कॉलोनी के विरुद्ध एक्शन के लिए शुक्रवार को नगर निगम कॉलोनी सेल की टीम,इंजीनियर एस.के. सिंह के नेतृत्व में, धवारी के गली नंबर 5 पहुंची। टीम में मनीष वर्मा,आकाश भट्टी,केपी गुप्ता,ऋचा गौतम,सुहालिया अंसारी के साथ ही अतिक्रमण विभाग के कर्मचारी भी शामिल थे। मौके पर अवैध कॉलोनी का काम कर रहे लोगों को बुलाकर उनसे दस्तावेज मांगे गए। बताया जाता है कि कॉलोनी का नक्शा पास नहीं होने के कारण,कॉलोनी सेल की टीम ने मौके पर बनाई जा रही सड़क को खोदने की कार्रवाई शुरू की। इसी दौरान नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ लोगों की कहासुनी हो गई,जो जल्द ही गाली-गलौज और हाथापाई की धमकी में बदल गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए,नगर निगम कॉलोनी सेल की टीम ने सिटी कोतवाली में इसकी शिकायत दर्ज कराई। सिटी कोतवाली के टीआई रविंद्र द्विवेदी ने बताया कि नगर निगम कॉलोनी सेल की टीम द्वारा की गई शिकायत के आधार पर,अनूप शुक्ला और पुष्पेंद्र सिंह नामक दो लोगों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालना और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है और घटना की विस्तृत जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, नगर निगम की कॉलोनी सेल की टीम ने धवारी गली नंबर 5 के अलावा,धवारी में एक अन्य जगह और महदेवा क्षेत्र में भी अवैध कॉलोनी बनाने वालों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। इस तरह की कार्रवाई शहर में अवैध कॉलोनाइजेशन को रोकने के लिए निगम की ओर से एक कड़ा संदेश माना जा रहा है। इस संबंध में नगर निगम के अधिकारी एस.के. सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन वे एक महत्वपूर्ण मीटिंग में व्यस्त होने के कारण विस्तृत चर्चा नहीं हो सकी।

## खड़ौरी गांव में स्वास्थ्य विभाग के नाम पर फर्जी कार्ड बनाने वाले संदिग्ध पकड़े गए



**सतना।** जिले के सोहावल ब्लॉक के खड़ौरी गांव में स्वास्थ्य विभाग के नाम से फर्जी कार्ड बना रहे कुछ संदिग्ध युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों द्वारा भोले-भाले ग्रामीणों से प्रति कार्ड 100 रुपये की वसूली की जा रही थी। ग्रामीणों को संदेह हुआ,जिसके बाद उन्होंने एकजुट होकर इन युवकों को पकड़ लिया। यह गिरोह स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर लोगों को ठगने की कोशिश कर रहा था। ग्रामीणों ने इस धोखाधड़ी की सूचना स्थानीय अधिकारियों और पुलिस को दी है। फर्जी कार्ड बनाने और अवैध वसूली करने का यह मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय प्रशासन सतर्क हो गया है। पुलिस अब इन संदिग्धों से पूछताछ कर रही है ताकि उनके नेटवर्क और इस अवैध गतिविधि के पूरे दायरे का पता लगाया जा सके।यह घटना ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली ऐसी धोखाधड़ी के प्रति लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता पर बल देती है।

## मैहर में ऑटो-ट्रॉली भिड़ंत में चालक गंभीर, तीन यात्री घायल



**मैहर।** जिले के एनएच-30 पर ग्राम पोड़ी के पास मंगलवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। रैंगाव से मैहर की ओर जा रही सवारियों से भरा एक ऑटो आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो चालक सुरेश कुशवाहा 50 गंभीर रूप से घायल हो गए। ऑटो चालक सुरेश कुशवाहा 50 गंभीर रूप से घायल,पैर फ्रैक्चर और बाईं आंख में गंभीर चोट,स्थिति नाजुक बताई जा रही है। अन्य घायल यात्री नैदी लाल 38,रामलखन 60 और अमरनाथ 35 आदि है। सभी घायलों को ग्रामीणों की मदद से तुरंत मैहर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,ट्रैक्टर चालक ने बिना किसी संकेत के अचानक सड़क पर ब्रेक लगा दिए,जिससे पीछे से आ रहा ऑटो अनियंत्रित होकर ट्रॉली से टकरा गया। घटना की सूचना मिलते ही मैहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ट्रैक्टर चालक की लापरवाही और हादसे के अन्य कारणों की पड़ताल कर रही है।

## बढ़ती ठंड को देखते हुए सार्वजनिक अलाव की व्यवस्था शुरू

**सतना।** नगर पालिक निगम ने बढ़ती ठंड के मद्देनजर शहर के सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था प्रारंभ कर दी है। महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने स्वयं बस स्टैंड से इस जन-हितैषी पहल की शुरुआत की।महापौर ने बताया कि जल्द ही नगर के अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर भी अलाव जलाए जाएंगे,जिससे यात्रियों और आम नागरिकों को कड़ाके की ठंड से राहत मिल सके। यह सुविधा विशेष रूप से निर्धन और जरूरतमंद समुदाय के लिए राहतकारी सिद्ध होगी। इस पहल के माध्यम से नागरिकों को ठंड से बचाव के लिए आवश्यक सुविधा प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर महापौर परिषद सदस्य आदित्य यादव,पार्षद प्रतिनिधि शारदा तिवारी,नगर निगम के स्वच्छता व अतिक्रमण अधिकारी ए.पी.सिंह,उप स्वास्थ्य अधिकारी राजू साकेत और नारायण तिवारी सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। निगम का यह प्रयास आम जनता को ठंड के प्रकोप से बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## हत्या के प्रयत्न के आरोपी को 5 वर्ष का सश्रम कारावास और 15 हजार रुपए जुर्माना

**सतना।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती गीता सोलंकी ने हत्या के प्रयत्न (भारतीय दंड संहिता की धारा 307) का अपराध प्रमाणित पाए जाने पर एक आरोपी को पांच वर्ष का सश्रम कारावास और 15,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। दण्डित किए गए आरोपी का नाम घनश्याम सिंह उर्फ कल्लू सिंह उम्र 28 वर्ष है,जो ग्राम कुआं,थाना कोलगवां,जिला सतना का निवासी है।अर्थदण्ड न देने पर अभियुक्त को 1 वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। लोक अभियोजक रमेश मिश्रा (जीपी) ने बताया कि मामला 24अगस्त 2023 का है। फरियादी अतुल सिंह ने आरोपी से उधार दिए 200 रुपये मांगे थे। इसी बात पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए पास में गड़ी लकड़ी उखाड़कर फरियादी के सिर पर मार दी,जिससे वह गिर गया। मौके पर उपस्थित धर्मेन्द्र सिंह और विशाल सिंह ने बीच-बचाव किया। जाते समय आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी थी। यह फैसला कानून की सख्ती और न्याय की स्थापना को दर्शाता है।

## अमरपाटन में औचक निरीक्षण में पूर्व माध्यमिक शाला मढ़ी में 3 बजे मिला ताला



**सतना।** अमरपाटन जनपद उपाध्यक्ष मनोज कुमार पटेल ने आज ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विकासखंड अमरपाटन (जिला मैहर) की शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम मढ़ी में दोपहर 3 बजे ही ताला लगा पाया गया। सबसे चौंकाने वाली बात यह थी कि जब विद्यालय में ताला लगा था,तब बच्चे विद्यालय के बाहर खेलते और खड़े दिखाई दिए। समय से पहले स्कूल बंद पाए जाने पर जनपद उपाध्यक्ष ने कड़ी आपत्ति व्यक्त की है। यह घटना शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। निरीक्षण के समय मौके पर ग्राम के सरपंच बद्री प्रसाद विश्वकर्मा भी उपस्थित रहे। जनपद उपाध्यक्ष ने इस लापरवाही पर संबंधित शिक्षकों और अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है,ताकि बच्चों की शिक्षा में किसी तरह की बाधा न आए।

## सबसे पहले निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण करने वाले बीएलओ छोटे लाला शर्मा सम्मानित



**मैहर।** निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत,जिला मैहर के विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 65-मैहर के मतदान केन्द्र क्रमांक 31 के बीएलओ छोटे लाल शर्मा (प्राथमिक शिक्षक) को सम्मानित किया गया है। उन्होंने 100 प्रतिशत गणना प त्र क ऑ न ला इ न डिज़िटलाइज़्ड करने का कार्य पूर्ण किया है,और मैहर विधानसभा के अंतर्गत यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह पहले बीएलओ हैं। बीएलओ छोटे लाल शर्मा की इस उपलब्धि पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, ज़िला मैहर श्रीमती रानी बाटड द्वारा उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह,निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम दिव्या पटेल,सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार जितेंद्र पटेल भी उपस्थित रहे।

## एसआईआर कार्य समय सीमा से पहले पूरा करने पर तीन बीएलओ सम्मानित



**सतना।** जिले में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य निर्धारित समय सीमा से पहले शत-प्रतिशत पूर्ण करने वाले तीन बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को सम्मानित किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी विकास सिंह ने इन परिश्रमी बीएलओ को प्रशस्ति पत्र भेंटकर उनकी उत्कृष्ट कार्यकुशलता की सराहना की। सम्मानित होने वालों में विधान सभा क्षेत्र 62-रैगांव के मतदान केन्द्र क्र-30 के बीएलओ सत्य नारायण शुक्ला,विधानसभा क्षेत्र 63-सतना के मतदान केन्द्र क्र-8 की बीएलओ विद्या गुप्ता,और विधानसभा क्षेत्र 64-नागौद के मतदान केन्द्र क्र-109 के बीएलओ आशीष कुमार गर्ग शामिल हैं। इन तीनों ने अपने क्षेत्रों में कार्य को तत्परता और कुशलता से पूरा किया। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर रीवा संभाग एल एल अहिरवार,एसडीएम एवं ईआरओ एल आर जांगड़े,नायब तहसीलदार राजेश सिंह,इलेक्शन सुपरवाइजर द्वारिकेंद्र सिंह और केबी त्रिपाठी भी मौजूद रहे। निर्वाचन कार्य में बीएलओ के इस समर्पण ने जिले में चुनावी प्रक्रिया को सुगम और समयबद्ध बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## बड़ा अखाड़ा मैहर में श्री सीताराम विवाह महा-महोत्सव का भव्य आयोजन 25 नवम्बर से



मैहर।

*मैहर स्थित बड़ा अखाड़ा परिसर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष श्री सीताराम विवाह महा-महोत्सव का भव्य आयोजन 25 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक बड़े धूमधाम से किया जा रहा है। श्री श्री 108 श्री सीता बल्लभ शरण जू महाराज,श्री रामजानकी बड़ा अखाड़ा मैहर ने एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि इस कार्यक्रम में देश के संत समाज,प्रमुख अतिथियों,याजकगण तथा हजारों श्रद्धालुओं की पावन उपस्थिति रहने वाली है।*

## एकेएस विश्वविद्यालय की फैकल्टी श्रद्धा का शोध पर्यावरण हितैषी भवन निर्माण की ओर सशक्त कदम



**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय की सहायक प्राध्यापक श्रद्धा पांडेय ने स्थायी निर्माण सामग्रियों पर आधारित अत्यंत महत्त्वपूर्ण शोध-लेख "स्थायी निर्माण सामग्रियों में प्रगति-एक समीक्षात्मक अध्ययन" प्रस्तुत किया है। यह शोध बढ़ते शहरी विस्तार,तीव्र निर्माण गतिविधियों और प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ते गम्भीर दबाव को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक निर्णायक योगदान माना जा रहा है।श्रद्धा पांडेय ने अपने अध्ययन में परंपरागत निर्माण सामग्रियों से होने वाली अत्यधिक ऊर्जा-खपत,प्रदूषण,ताप-वृद्धि और संसाधनों की निरंतर कमी पर गहन विश्लेषण किया है। इस संदर्भ में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण सामग्रियों की स्थिरता के मूल्यांकन हेतु निर्धारित 12 मानकों को भी स्पष्ट रूप से व्याख्यायित किया गया है,जो भविष्य की निर्माण पद्धतियों को अधिक उत्तरदायी दिशा प्रदान करते हैं। शोध में बांस,कॉर्क,हेम्प-चूर्ण-कंक्रीट,माईसीलियम,पुनर्चक्रित प्लास्टिक,तैयार-मिश्रित कंक्रीट और टेराज़ो जैसी उभरती,वैकल्पिक और गैर-परंपरागत सामग्रियों का गहन तुलनात्मक अध्ययन किया गया है।ये सभी सामग्री न केवल पर्यावरण-अनुकूल हैं,बल्कि कम ऊर्जा-आवश्यकता, दृढ़ता,किफायत और श्रेष्ठ यांत्रिक गुणों के कारण भविष्य की निर्माण-दुनिया के विश्वसनीय विकल्प बनकर उभर रही हैं।

199
**न्यायालय श्रीमान चतुर्थ अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**
रमेश कुमार राव ...आवेदक
// विरूद्ध //
द सुभाष गुड्स ट्रांसपोर्ट कंपनी वगैरह ........अनावेदकगण
M.A.C.T प्र.क्र. 1220/2024
पेशी ता. 15.12.2025
आदेश दिनांक 13.11.2025
प्रति, रावेन्द्र कुमार बुनकर पिता औसेरी दास बुनकर उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम रिवारा, पोस्ट लाटागांव, थाना बढ़ेरा, जिला सतना (म.प्र.)
आपके विरूद्ध इस न्यायालय में आवेदक रमेश कुमार राव के द्वारा रू. 99,80,000/- रू. क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने हेतु क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण आवेदक के द्वारा अनावेदकगण के विरूद्ध संस्थित किया गया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 15.12.2025 को दिन के 11:00 बजे दावा प्रकरण का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिरी) होने के लिए नोटिस/समंस का प्रकाशन किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी प्लीडर/अधिवक्ता के द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस दावा से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके, तथा उन सभी दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहे जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है। आपको सूचित किया जाता है कि, आप उक्त तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो आपके विरूद्ध दावा की एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए दावा का निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यदि किसी कारणवश पेशी तारीख 15.12.2025 को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगी।
आज दिनांक 19/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
स्थान :- बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक :- 19/11/2025
**कु. पुष्पलता मारकण्डे सदस्य चतुर्थ अति. मोटर दुर्घटना दावा बिलासपुर (छ.ग.)**

## निर्माण कार्य स्थलों का निरीक्षण



**सतना।** *कलेक्टर एवं अध्यक्ष चित्रकूट विकास प्राधिकरण डॉ.सतीश कुमार एस ने शुक्रवार को चित्रकूट के भ्रमण के दौरान नगर परिषद के सभागार में चित्रकूट के विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक के बाद कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ निर्माण कार्यों का स्थल भ्रमण किया और कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने चित्रकूट के मंदाकिनी तट के भरत घाट के समीप एमपीटी चैराहे के ब्रिज के नीचे बनाये जा रहे पम्पिंग स्टेशन और प्रसाधन सुविधा के कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने कामतानाथ परिक्रमा स्थल जाकर वहां किये जा रहे पुर्ननिर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया।*

## एसआईआर कार्य में लापरवाही करने पर बीएलओ निलंबित

**सतना** 21 नवम्बर 2025/मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2025 में एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण कार्य के प्रति उदासीनता बरते जाने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.सतीश कुमार एस द्वारा एक बीएलओ को निलंबित कर दिया गया है। विधानसभा क्षेत्र 67 रामपुर बाघेलान के मतदान केन्द्र क्रमांक 78 सिजहटा के लिए बीएलओ प्राथमिक शिक्षक,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिजहटा योगेन्द्र मिश्रा को नियुक्त किया गया था। जिन्होंने अपने कार्य में लापरवाही बरती। अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 67 रामपुर बाघेलान द्वारा मतदान केन्द्र क्रमांक 78 सिजहटा के प्राथमिक शिक्षक,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिजहटा योगेन्द्र मिश्रा को बीएलओ नियुक्त कर निर्वाचन से संबंधित किये जाने के लिए निर्देशित किया गया था। लेकिन एसआईआर का कार्य नहीं किया जा रहा है। मतदान केन्द्र के एसआईआर का कार्य अवरूद्ध होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचक नामावली एवं एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण कार्य के प्रति उदासीनता बरती जाने के कारण म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) के तहत बीएलओ प्राथमिक शिक्षक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिजहटा योगेन्द्र मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में श्री मिश्रा का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रामपुर बघेलान नियत किया गया है। निलंबन अवधि में श्री मिश्रा को मूलभूत नियम-53 के अंतर्गत जीवन निर्वाह भत्ता दिया देय होगा।



## खबर संक्षेप

### उपजेल पवई में गीता जयंती पर आयोजित हुआ आध्यात्मिक कार्यक्रम, बंदियों को सुनाया गया गीता पाठ



**पवई।** उपजेल पवई में गुरुवार को गीता जयंती के पावन अवसर पर एक विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित रामगोपाल पाण्डेय ने बंदियों के बीच श्रीमद्भगवद्गीता का पाठ कराया। उन्होंने गीता के प्रमुख अध्यायों और श्लोकों के माध्यम से जीवन में कर्तव्य, आत्मअनुशासन, सद्भाव एवं सकारात्मक सोच के महत्व को सरल भाषा में समझाया। पंडित पाण्डेय ने बताया कि गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला व्यवहारिक मार्गदर्शक है। इसके संदेशों से व्यक्ति अपने मन को नियंत्रित कर कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य बनाए रख सकता है। उनके द्वारा दिए गए आध्यात्मिक संदेशों को बंदियों ने गंभीरता से सुना और अपनी जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाने की बात कही। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक मुनिन्द्र मिश्रा, उपजेल प्रहरीगण तथा पूरा स्टाफ मौजूद रहा। अधीक्षक मिश्रा ने कहा कि ऐसे धार्मिक और प्रेरणादायक आयोजन बंदियों के मानसिक व नैतिक निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है और बेहतर जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। उपजेल प्रशासन द्वारा किए गए इस आयोजन की सभी ने सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण-उज्जैन-इंदौर के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का किया अवलोकन

**अमानगंज।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमानगंज की छात्राओं का तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस भ्रमण के दौरान छात्राओं ने मध्यप्रदेश के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का अवलोकन कर महत्वपूर्ण सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं धार्मिक जानकारियाँ प्राप्त कीं। भ्रमण दल सबसे पहले उज्जैन पहुँचा, जहाँ छात्राओं ने विश्वप्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन किए, जंतर-मंतर खगोलीय वेधशाला इसके बाद छात्राएँ काल भैरव मंदिर पहुँचीं और वहाँ के ऐतिहासिक तथा धार्मिक महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। उज्जैन के बाद भ्रमण दल ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के लिए रवाना हुआ, जहाँ छात्राओं ने नर्मदा तट की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेते हुए धार्मिक स्थल का अवलोकन किया। भ्रमण का अंतिम पड़ाव इंदौर रहा, जहाँ छात्राओं ने प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर में दर्शन किए और इसके पश्चात इंदौर चिड़ियाघर पहुँचकर वन्यजीवन एवं जीव-जंतुओं के संरक्षण संबंधी जानकारियाँ हासिल कीं। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमणों से छात्राओं के ज्ञान, अनुभव और दृष्टिकोण का विस्तार होता है। छात्राओं ने भी इस भ्रमण को अत्यंत रोचक व ज्ञानवर्धक बताया।

### टीकमगढ़ नवदिशा समिति सदस्यों ने पल्थरा ग्रेवाटर एवं पेयजल प्रबंधन के कार्य की सराहना की

# जतारा टीकमगढ पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्थायी समितियों के दल ने देखा पल्थरा मॉडल

### देशी बीज सहेजने के प्रयास एवं प्राकृतिक खेती की सराहना



**पन्ना।** नवदिशा सामाजिक संस्थान टीकमगढ़ से सामुदायिक संगठन एवं पंचायत प्रतिनिधियो का 50 सदस्यी दल आज पन्ना जिले के पल्थरा गांव पहुचा। ग्राम पल्थरा में ग्रेवाटर के कार्य का अवलोकन किया पानी की एक एक बूॅंद कैसे बचाया जा रहा एवं गांव में गंदे पानी का नमोनिसान नही है। किचेनगार्डन एवं लीचपिट में पूरा पानी जा रहा है। शिवसिंह एवं गुलाब सिंह के द्वारा प्राकृतिक खेती एवं पेयजल प्रबंधन के कार्य का विस्तुत व्यौरा दिया। देशी बीज का संरक्षण कृ पल्थरा गांव में केचुआ पालन एवं देशी बीजो के प्रदर्शन कार्य लगभग 40 देशी धान एवं गेहू की वैरायटी लगाकर कर किसानो को देशी बीज बचाने के फझयदे वता रहे है। आज नवदिशा सामाजिक संस्थान से विनाद खरे,सहवासखान यिवशंकर यादव माया वर्मा गबलू चढ़ारा एवं टीम के सदस्या शामिल रहे। समर्थन से ज्ञानेन्द्र तिवारी कमलचन्द्र सेन ने आपरेसन मेंन्टीनेन्स एवं हमारा पानी हमारा प्रबंधन कर पन्ना जिले में किये गये प्रयास से अवगत कराया। जल मित्र शशि सिंह ने पेयजल जलकर, समिति की नियमित वेठक रशीद कार्यवाही एवं ग्राम विकास नियोजन एवं विकास में जीपीडीपी को पंचायत से जोंडकर विकास को गति प्रदान करना एवं ग्राम सभा क्षमताबर्धन की वात समिति सदस्यो को वताया। गांव के गुलाब सिंह त्रिलोक सिंह जनक सिंह जालमसिंह सहित सभी ने ग्राम विकास के ताने वाने की जानकारी प्रदान की। टीम ने ग्राम वासियो के प्रयास एवं शिव एवं गंलाव को सतत प्रयास के लिये बधाई दी।

## जिले में अवैध शराब पर जिला कांग्रेस कमेटी ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन, सख्त कार्रवाई की मांग

**पन्ना।** जिले में बढ़ते अवैध शराब, नाबालिगों को शराब बिक्री तथा शराब दुकानों द्वारा नियमों के उल्लंघन को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना अध्यक्ष अनीश खान के नेतृत्व ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक पन्ना निवेदिता नायडू को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने जिले में फैल रहे अवैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीश खान ने बताया कि बीते दिनों शाहनगर में संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र शराब खरीदते हुए वीडियो में नजर आए थे, लेकिन प्रशासन द्वारा अब तक संबंधित दुकान संचालक पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। यह स्थिति बेहद गंभीर है और प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाती है। इसी प्रकार कांग्रेस ने गुनौर में मंदिर के पास संचालित शराब दुकान का मुद्दा भी उठाया, जिसके चलते दर्शनार्थियों तथा स्थानीय जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत के बाद भी शराब दुकान को नहीं हटाया गया है, जिससे आमजन में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि जिलेभर में शराब ठेका संचालक के गुर्गों द्वारा गली-मोहल्लों एवं गांव-गांव तक अवैध शराब की आपूर्ति की जा रही है, जिससे अपराध और सामाजिक अव्यवस्था बढ़ रही है। साथ ही अधिकांश शराब दुकानों द्वारा देर रात तक खुले रहने से आबकारी अधिनियम का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। कांग्रेस कमेटी ने मांग की है कि शाहनगर में नाबालिग बच्चों को शराब बेचने वाले दुकान संचालक पर एफआईआर दर्ज की जाए। गुनौर स्थित धार्मिक स्थल के पास की शराब दुकान को तत्काल हटाया जाए। जिलेभर में अवैध शराब बिक्री पर विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। सभी दुकानों में समय पालन सुनिश्चित कर उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाए। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने कार्यवाही का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनीश खान, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवजीत सिंह भैया राजा, मार्तंड सिंह बुंदेला, स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी, राजबहादुर पटेल, कदीर खान, शिव प्रकाश दीक्षित, रामदास जाटव, अभिषेक चौरसिया सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



## जिला निर्वाचन अधिकारी ने शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर चार बीएलओ को किया सम्मानित




**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वर्तमान में जिले की समस्त तीन विधानसभा पन्ना, पवई एवं गुनौर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य संचालित है। इस दौरान बीएलओ द्वारा डोर-टू-डोर संपर्क कर मतदाताओं के सत्यापन सहित वितरित गणना प्रपत्र के मैपिंग एवं डिजिटाईजेशन का कार्य संपादित किया जा रहा है। इस क्रम में चार बूथ लेवल अधिकारियों ने 14 दिवस पूर्व ही शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया है। इसमें गुनौर विधानसभा के मतदान केन्द्र 251 के बीएलओ नारायण बिहारी रावत, मतदान केन्द्र क्रमांक 229 के बीएलओ बालाप्रसाद चौधरी, मतदान केन्द्र क्रमांक 17 के बीएलओ नरेश पाण्डे एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 162 के बीएलओ सुधीर कुमार पाण्डेय शामिल हैं। बीएलओ नरेश पाण्डे ने कुल 734 मतदाताओं का सत्यापन एवं डिजिटाईजेशन कार्य गत गुरूवार को ही पूरा कर लिया था और शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले जिले के पहले बीएलओ बनने की उपलब्धि प्राप्त की थी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऊषा परमार ने शुक्रवार को संबंधित बीएलओ से कलेक्टर कक्ष में भेट की और एसआईआर कार्य में बीएलओ के उत्कृष्ट योगदान की सराहना कर शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित किया। साथ ही समय सीमा में संपादित कार्य के संबंध में जानकारी प्राप्त की। सभी बीएलओ द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ अपने अनुभव साझा किए गए। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन आयोग के महत्वपूर्ण कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ का कार्य सराहनीय है। इससे अन्य बीएलओ भी प्रोत्साहित होंगे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मधुवंतराव धुर्वे तथा निर्वाचन पर्यवेक्षक उमाशंकर दुबे भी उपस्थित रहे।



### पशुधन किसानो को आमदनी का बड़ा जरिया, बीमा होना जरूरी

पन्ना। पन्न-पहाड़ीखेरा सड़क मार्ग के लक्ष्मीपुर मार्ग तिलगवां के पास दो भैस का एक्सीडेन्ट से मौत दुखद। आज सुबह 11 बजे जाते वक्त देखा उस समय सड़क पर ही देखी गई लोटते वक्त बजे के आस पास किसी ने सड़क किनारे घसीट कर कर दिया होग। भेस युवा हे लगभग दोनो मिलाकर लाखो की होगी पूरे जीवन आयु में कई लाखो की अमदनी का जरिया चला गया। पशुधन का बीमा बहुत जरूरी है।

## धान खरीदी एक दिसम्बर से 20 जनवरी तक

### जिले में 41 उपार्जन केन्द्र निर्धारित

**पन्ना।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए जारी निर्देशों के अनुक्रम में पन्ना जिले में तहसीलवार कुल 41 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। कलेक्टर ऊषा परमार ने सहायक आयुक्त सहकारिता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक पन्ना के संयुक्त हस्ताक्षर से प्राप्त सूची अनुसार पात्र समितियों के प्रस्ताव तथा जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा के आधार पर इन उपार्जन केन्द्रों का निर्धारण किया है। पन्ना तहसील में पैक्स गोदाम बृजपुर, अर्चना वेयरहाउस कृष्णा कल्याणपुर, विवेक श्रीवास्तव वेयरहाउस लक्ष्मीपुर, ज्योति कटेहा वेयरहाउस जरूआपुर, समिति प्रांगण सिलधरा एवं बराछ को उपार्जन केन्द्र बनाया गया है। इसी तरह देवेन्द्रनगर तहसील अंतर्गत म.प्र. वेयरहाउस एण्ड लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन गोदाम बड़ागांव, कृषि उपज मंडी प्रांगण देवेन्द्रनगर, आयद बिल्डिकॉन वेयरहाउस प्रांगण सिलगी, समिति प्रांगण श्यामरडाडा एवं पैक्स गोदाम ककरहटी, गुनौर तहसील में पाठक वेयरहाउस गुनौर 1 एवं 2, गोपालजी वेयरहाउस डिघौरा, बागरी वेयरहाउस अमरी, गोपालजी वेयरहाउस डिघौरा, कृषि उपज मंडी गुनौर एवं समिति प्रांगण मुड़वारी, अमानगंज तहसील में रावत वेयरहाउस अमानगंज, नर्मदा वेयरहाउस पगरा 1 एवं 2, माया गौतम वेयरहाउस महेबा, मार्कफेड गोदाम कृषि उपज मंडी अमानगंज, कांक्रीट प्रांगण तारा झरकुआं एवं कृष्णा वेयरहाउस अमानगंज, पवई तहसील में कृषि उपज मंडी पवई एवं गोपालजी वेयरहाउस पवई, सिमरिया तहसील में समिति प्रांगण सिमरिया मंडी, श्रीराम वेयरहाउस मोहन्द्रा, आशीर्वाद वेयरहाउस प्रांगण रैकरा एवं पैक्स गोदाम मंडी सिमरिया, रैपुरा तहसील में रावतपुरा वेयरहाउस मनगुवां, कृषि उपज मंडी रैपुरा एवं समिति प्रांगण मलघन, शाहनगर तहसील में समिति प्रांगण बिसानी एवं पैक्स गोदाम प्रांगण शाहनगर तथा अजयगढ़ तहसील में समिति प्रांगण बहादुरगंज, ग्राम पंचायत धरमपुर, ग्राम सलैया ग्राम पंचायत बरियारपुर कुर्मियान, समिति प्रांगण मझगांय एवं ओपेन कैप राजापुर को उपार्जन केन्द्र बनाया गया है। मोटा अनाज ज्वार एवं बाजरा के उपार्जन के लिए जिले में एक मात्र केन्द्र अजयगढ़ तहसील अंतर्गत समिति प्रांगण मझगांय में निर्धारित है। उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार आगामी एक दिसम्बर से 20 जनवरी तक धान उपार्जन का कार्य संचालित होगा, जबकि ज्वार एवं बाजरा उपार्जन की अवधि 24 नवम्बर से 24 दिसम्बर तक निर्धारित है। उपार्जन कार्य सोमवार से शुक्रवार सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक किया जाएगा। कृषक तौल पर्ची शाम 6 बजे तक जारी करना अनिवार्य है। शनिवार एवं रविवार को खाद्यान्न परिवहन, भण्डारण, लेखा मिलान तथा अस्वीकृत स्कंध के अपग्रेडेशन व वापिसी की कार्यवाही की जाएगी। धान कॉमन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2 हजार 369 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित है।

## महिला के साथ घर में घुसकर दो शराबियों ने की मारपीट



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र मे इन दिनो अवैध शराब को लेकर भारी विवाद झगड़े बेवजह खड़े होकर एक दूसरे के साथ मारपीट कर देने के मामले निरंतर प्रयास में आ रहे हैं अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के मझगवां शेख गांव में हुई थी रात दो शराबी युवक शराब के नशे में अपने साथी सहयोगी को गाली गलौज करते हुए उसके घर जा पहुंचे लेकिन उस वक्त वह घर पर मौजूद नहीं था उसकी बीवी बाहर निकल आई और उसने गाली देने से मना किया तो दोनों ही आरोपी युवक एक राय होकर महिला के साथ मारपीट कर उसे चोटील कर घटना स्थल से रवाना हो गए घायल महिला को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक उपचार के लिए दाखिल कराया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार कराया गया और चिकित्सक ने उसकी हालत को गंभीर बताते हुए जिला चिकित्सालय चेक कराने की सलाह दी और अपनी ओर से रेफर किया घायल महिला का यहां नाम शांति बाई पति उदल यादव उम्र 50 वर्ष निवासी मजगांव शेख बताया गया जबकि घटना के आरोपियों के नाम रविंद्र यादव और कंछेदी यादव बताया गया दोनों ही शराब के नशे में गांव में उत्पाद मचाते हैं ऐसा उक्त परिवार ने मौके पर कहा और पुलिस ने महिला के कथन लेने के बाद दोनों ही आरोपियों पर मामला दर्ज किया।




## मुख्य मार्ग पर पैदल चलना भी हो रहा मुश्किल

### सडकों पर खडे होने वाले वाहन विगाड़ रहे यातायात व्यवस्था कार्यवाही न होने से बुलंद हो रहे हौसले

**पवई।** पन्ना - कटनी मुख्य मार्ग पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर सलेहा तिराहा तक सड़क किनारे तक भाई लोग वाहनों को सडक पर खडे कर अपने निजि काम मे व्यस्त हो जाते उन्हे याद नही रहता कि हमारी वजह से दूसरों को असुविधा और मार्ग मे जाम लगने के हालात निर्मित हो जाते है अक्सर देखा जाता है कि सड़क किनारे घंटो चार पहिया एवं दो पहिया वाहन खडे रहते है दिन भर भर्राटे मारते तेज गति से निकलने वाले बडे बडे डम्फर का निकलना इसी मार्ग से होता है जो किसी भी समय बड़ी घटना को अंजाम दे सकते है । सुबह 8-10 बजे तक और साम 5 से 7 के बीच लोग घर गृहस्थी का सामन सब्जी भाजी खरीदी करने वालों की अभीड रहती है उस समय सड़क पर चलना मानो जान हथेली मे लेकर निकलना जैसे हो गया सबसे अधिक समस्या उन स्थानों पर आती जो बिल्कुल सड़क तक फैलाकर लगती है इसके अलावा आटो स्टैंड न होने की वजह से दर्जनो आटो सड़क के ऊपर खडे रहते है जिनका सवारी के चक्कर मे घमाचौकडी का खेल चलता रहता है। करही तिराहा अजय मेडिकल के पास कन्या शाला मोहन्द्र रोड पर मे ऐसी स्थिति दिन भर बनी रहती है। नगर की यातायात व्यवस्था एवं सड़क दुर्घटनो पर नियंत्रण के लिए वाहन पार्किंग आटो स्टैंड और समय समय पर ऐसे वाहन जो लोग सडक को जागीर समझकर खड़े कर देते शक्त कार्यवाही होना चाहिए। न की ओपचरिकाताए संबंधित अधिकारी इस ओर ध्यान दे।

## पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध लगातार की जा रही कार्यवाही



**पन्ना।** शाहनगर थाना क्षेत्र मे अवैध शराब का परिवहन करते पाये गये 02 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार। आरोपियों के कब्जे से 40 पेटी (360 लीटर) अवैध देशी शराब कीमती करीब 01 लाख 80 हजार रूपये एवं परिवहन मे प्रयुक्त ब्रेजा कार सहित 07 लाख 05 हजार का मशरूका जप्त। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में शाहनगर पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। थाना शाहनगर पुलिस ने अवैध शराब का भंडारण एवं परिवहन करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए भारी मात्रा में अवैध शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन सहित कुल 7 लाख 5 हजार रुपए का मशरूका जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू ने जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया है कि अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, भंडारण एवं विक्रय करने वाले व्यक्तियों तथा अवैध शस्त्र रखने वालों के विरुद्ध अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना चौहान और समस्त एसडीओपी के मार्गदर्शन में विशेष अभियान चलाकर कठोर एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इसी तारतम्य मे थाना प्रभारी शाहनगर द्वारा थाना क्षेत्र मे मुखविर तंत्र को सक्रिय किया गया है। जिसके फलस्वरूप दिनांक 20.11.25 की सायं को थाना प्रभारी शाहनगर को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि जबलपुर दिशा से नीले रंग की ब्रेजा कार में भारी मात्रा में अवैध शराब लाई जा रही है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम गठित कर पन्ना-कटनी रोड स्थित कचौरी मोड़ पर घेराबंदी की गई, जहां संदिग्ध वाहन को रोका गया। तलाशी के दौरान वाहन से 40 पेटी में भरी 360 लीटर अवैध देशी प्लेन शराब बरामद की गई। शराब परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर आरोपियों को पुलिस ने मौके पर ही अभिरक्षा में लिया।

**जप्त सामग्री-**

कार्यवाही के दौरान पुलिस ने 40 पेटी (360 लीटर) अवैध शराब कीमत लगभग 01 लाख 80 हजार रुपये, परिवहन में प्रयुक्त ब्रेज़ा कार ड्च17 ब्ठ 8154 कीमत लगभग 5 लाख, 3 एंड्रॉयड मोबाइल फोन कीमत लगभग 25 हजार इस प्रकार कुल 07 लाख 5 हजार का मशरूका जप्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना शाहनगर में अपराध क्रमांक 414/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

**गिरफ्तार आरोपी-**

राजुल राजा परमार, निवासी इटवां कला, थाना कोतवाली पन्ना, सौमित्र प्रताप सिंह, निवासी कोहनी, थाना कोतवाली पन्ना

**सराहनीय योगदान-**

थाना प्रभारी शाहनगर उनि. मनोज कुमार यादव प्र.आर. मनोज त्रिपाठी, धर्मेंद्र हरदेनिया, आर. राकेश सिंह, आर. विनिमेश महिला आर. दीक्षा एवं सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### शहर के सौरभ अरजरिया को एसजीएफआई और खेलो इंडिया गेम्स जयपुर के लिए टेक्निकल ऑफीसर किया नियुक्त



**छतरपुर।** स्कूल गेम्स ऑफ़ इंडिया 2025 (एसजीएफआई ) जो की उज्जैन में 24 से 28 नवम्बर तक आयोजित किया जा रहा है जिसमें देशभर के स्कूल स्तरीय प्रतिभागी 14,17 और 19 उम्र वर्ग में भाग लेंगे और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 जो की 1 से 4 दिसम्बर तक जयपुर में आयोजित की जा रही है जिसमें यूनिवर्सिटी स्तरीय प्रतिभागी भाग लेंगे। इन दोनों खेल आयोजन में सौरभ अरजरिया को तकनीकी अधिकारी नियुक्त किया गया है सौरभ फेडरेसन के ग्रेड -1 निर्णायक है और पूर्व मे भी नेशनल गेम्स ओलिंपिक संघ के अंतर्गत निर्णायक की भूमिका निभा चुके है। आज सौरभ के निर्देशन में कई राज्यों मे 22 से अधिक मल्लखम्भ प्रशिक्षण केंद्र संचालित हो रहे हैं जिसमें अनेक राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रशिक्षण दे रहे हैं।

### रोल प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों एवं निर्वाचन शाखा का किया औचक निरीक्षण

**छतरपुर।** विधानसभा क्षेत्र 51 छतरपुर अंतर्गत विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 (एसआईआर) का कार्य समस्त मतदान केन्द्र पर बी.एल.ओ के माध्यम से किया जा रहा है। मतदान केन्द्रो एवं तहसील कार्यालय निर्वाचन शाखा का रोल प्रेक्षक द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें तहसीलदार (ग्रामीण) आकाश नीरज द्वारा जानकारी प्रदाय की गई। मतदान केंद्रों के किए गए निरीक्षण में 79, 80-गौरगांय एवं 50-धमौरा में निर्वाचक नामावली 2025 की मतदाता सूची साथ में रखने के निर्देश दिए गए एवं परिक्षेत्र स्तर पर अधिकतम अन्य विभागीय सहयोग हेतु निर्देश भी दिए गए। 26-महेबा, 27-महेबा, 28-महेबा में कार्य संतोषजनक पाया गया। एवं तहसील निर्वाचन शाखा के निरीक्षण में भी कार्य संतोषजनक पाया गया जिसमें बीएलओ जयदीप चौरसिया प्रोग्रामर द्वारा सॉफ्टवेयर एवं कॉल सेंटर के संबंध में जानकारी दी गई।

### पुलिस ने 16 हजार के इनामी बदमाश को पकड़ा



**छतरपुर।** थाना बड़ामलहरा पुलिस ने वर्ष 2007 के अवैध हथियार, वर्ष 2014 के मारपीट, वर्ष 2017 के अवैध हथियार प्रकरण में फरार 16000 रुपए के इनामी आरोपी हल्के लक्ष्मण सिंह पिता पूरन सिंह निवासी ग्राम सूरजपुरा कला थाना बड़ा मलहरा को गिरफ्तार किया। वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इस कार्यवाही में एसडीओपी बड़ामलहरा श्री रोहित अलावा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बड़ा मलहरा निरीक्षक श्रद्धा शुक्ला, सहायक उप निरीक्षक भान सिंह घोस, आरक्षक गजराज, निशांत, महिला आरक्षक रंजना, शोभना एवं पुलिस टीम की भूमिका रही।

### ईशानगर पुलिस ने मुस्कान अभियान के तहत बच्चों को दी सुरक्षा की सीख

**ईशानगर।** मुस्कान विशेष अभियान के अंतर्गत ईशानगर थाना प्रभारी मनोज गोयल ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बंधीकला के बच्चों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा और जागरूकता से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें बताईं। थाना प्रभारी ने कहा कि मुस्कान अभियान का मकसद यही है कि हर बच्चे के चेहरे पर हमेशा मुस्कान बनी रहे। उन्होंने बच्चों को समझाया कि वे हमेशा अपने परिवार के साथ रहें, किसी अनजान व्यक्ति के लालच में न आएं, और अगर कोई गलत तरीके से छूने की कोशिश करे तो तुरंत उससे दूर हटकर ज़ोर से शोर मचाएँ और भरोसे मंद बड़ों या पुलिस को इसकी जानकारी दें। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी ने बच्चों से सवाल-जवाब के माध्यम से सुरक्षा के व्यावहारिक तरीके बताए।

# ब्लैकमेलिंग के आरोप में युवक गिरफ्तार, हिंदू संगठनों ने पुलिस को सौंपा

**छतरपुर।** शहर के पन्ना रोड स्थित आदर्श प्लाज़ा में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया जब हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने एक युवक को लड़की को ब्लैकमेल करने के आरोप में पकड़ लिया। इसके बाद आरोपित युवक को जुलूस के रूप में लेकर सिविल लाइन थाने पहुँचा गया, जहाँ पुलिस ने उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### एमएमएस बनाकर ब्लैकमेलिंग का आरोप

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपित युवक ने एक हिंदू युवती के साथ संबंध बनाकर उसके आपत्तिजनक वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिए थे। इन्हीं वीडियो को आधार बनाकर वह युवती से पैसों की मांग कर रहा था। बताया गया कि युवती से पहले 10,000 रुपये ले लिए गए थे और शुक्रवार को फिर 35,000 रुपये की मांग की गई, जिसके बाद युवती ने हिम्मत जुटाकर मामले की जानकारी हिंदू संगठनों को दी। सूचना मिलते ही बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद और दुर्गा वाहिनी



के सदस्य आदर्श प्लाज़ा पहुँचे और युवक को पकड़ लिया। कार्यकर्ताओं ने उसे पन्ना रोड से होते हुए सिविल लाइन थाने तक जुलूस के रूप में ले जाया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए और माहौल तनावपूर्ण हो गया। कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा आरोपी के चेहरे पर कालिख लगाने और कथित तौर पर गोबर पोतने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है।

संगठनों का दावा है कि आरोपी युवक के मोबाइल में कई युवतियों के आपत्तिजनक वीडियो और तस्वीरें मिली हैं। यह भी आरोप लगाया गया कि वह एक युवती की मदद से लड़कियों को फंसाकर ब्लैकमेल करने का रैकेट चला रहा था।

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि शहर में इस तरह की घटनाएँ लगातार सामने आ रही हैं, और यदि जल्द रोक नहीं लगी तो संगठन धरने पर बैठने को मजबूर होगा।

### इनका कहना है -

एक लड़की द्वारा थाने में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एक युवक द्वारा उनके साथ छेड़छाड़, ब्लेकमेलिंग और मानसिक प्रताड़ित किया जा रहा था। इन्हीं धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया है विधि सम्मत कार्यवाही की जा रही है।

**अरूण कुमार सोनी**
**सीएसपी, छतरपुर**

# भारत विकास परिषद् की क्षेत्र स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान स्पर्धा कल

### मोतीलाल नेहरू लॉ कॉलेज में गूंजेगी देशभक्ति की स्वरलहरियां

**छतरपुर।** भारत विकास परिषद, मध्यक्षेत्र द्वारा 23 नवम्बर 2025 को पं. मोतीलाल नेहरू विधि महाविद्यालय, छतरपुर में क्षेत्र स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता-2025 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों की विभिन्न शाखाओं की चयनित टीमें उत्साहपूर्वक सहभागिता करेंगी।

भारत विकास परिषद् के उपाध्यक्ष डॉ सुमति प्रकाश जैन के मुताबिक कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश छतरपुर रविन्द्र सिंह उपस्थित रहेंगे तथा अध्यक्षता भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय अतिरिक्त महामंत्री विनीत गर्ग करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथियों में राजेश कुमार देवलिया, प्रधान न्यायाधीश-कुटुंब न्यायालय, श्रीमती स्वाति निवेश जायसवाल मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, विष्णु प्रसाद सोलंकी, सचिव, विधिक सेवा प्राधिकरण मंच को गरिमा प्रदान करेंगे। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में सिंघई राहुल जैन, राष्ट्रीय पर्यवेक्षक संस्कार, सुनील कोठारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, देवेंद्र तिवारी प्रांतीय अध्यक्ष, विनोद कुमार दीक्षित अध्यक्ष, जिला अधिवक्ता संघ एवं योगेंद्र प्रताप सिंह अध्यक्ष, शिक्षा प्रसार समिति का सानिध्य प्राप्त होगा। उद्घाटन के उपरांत राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता-2025 का सुंदर आगाज होगा। इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत गीतों का तीन शैलियों में समूहगान होगा। सभी प्रतियोगी दल सबसे पहले हिंदी,फिर संस्कृत एवं अंत में लोकगीत के माध्यम राष्ट्रीय समूहगान की मनोहारी प्रस्तुतियां देंगी,जिसके निर्णय के लिए सुयोग्य निर्णायक मंडल को आमंत्रित किया गया है।

राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता के बाद सांय 4 बजे समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह ललिता यादव विधायक छतरपुर के मुख्य आतिथ्य में होगा। समारोह की अध्यक्षता विनीत गर्ग, राष्ट्रीय अतिरिक्त महामंत्री,भारत विकास परिषद करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक राजनगर अरविंद पटैरिया, विधायक बिजावर राजेश शुक्ला तथा विधायक महाराजपुर कामाख्या प्रताप सिंह मंच को गरिमा प्रदान करेंगे। अन्य विशिष्ट अतिथियों में डॉ. सुरेन्द्र प्रधान राष्ट्रीय पर्यवेक्षक संस्कार, सुधीर अग्रवाल, क्षेत्रीय महासचिव, आलोक टिकरिया प्रांतीय उपाध्यक्ष, ज्योति चौरसिया अध्यक्ष नगरपालिका परिषद, विकेंद्र वाजपेयी उपाध्यक्ष नगरपालिका परिषद तथा मुन्ना तिवारी जिलाध्यक्ष शिव सेना उपस्थित रहेंगे। सभी अतिथिजन विजेता टीमों को आत्मीयता के साथ पुरस्कृत करेंगे। परिषद की कार्यकारणी ने परिषद के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को कार्यक्रम में सपरिवार उपस्थित रहने का आव्हान किया है।

# छात्रों की छात्रवृत्ति एवं प्रोफाइल अपडेशन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: कलेक्टर



### कलेक्टर ने यू डाईस पोर्टल में नामांकन प्रगति बढ़ाने एवं यूनिफॉर्म की राशि का समयसीमा में भुगतान के निर्देश दिए

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, प्रभारी डीईओ अरूण शंकर पाण्डेय सहित बीआरसीसी, बीईओ सहित जिला शिक्षा केन्द्र के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने यूडाईस, चाइल्ड चाइल्ड ट्रैकिंग, नामांकन, छात्रवृत्ति, लैपटॉप योजना, ई-स्कूटी योजना और पुस्तक, गणवेश एवं साईकिल वितरण, ई-अटेंडेंस और सीएम हेल्पलाइन की विस्तृत समीक्षा की।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने यू डाईस पोर्टल के नामांकन में अंतर होने के कारण एवं ड्रॉप बॉक्स में अधिक संख्या में छात्र लंबित होने के कारण बीईओ की एक दिवस की वेतन काटने एवं बीआरसीसी छतरपुर और बीईओ बड़ामलहरा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा नामांकन में प्रगति बढ़ाएं।

### प्राचार्य शा.हा.से. स्कूल क्रमांक 2 के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्ताव भेजने के निर्देश

कलेक्टर ने छात्रवृत्ति एवं प्रोफाइल अपडेशन में लापरवाही बरतने पर प्राचार्य शा.हा.से. स्कूल क्रमांक 2 छतरपुर के विरूद्ध कार्यवाही के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा छात्रों की छात्रवृत्ति सेंशन के संबंध में किसी भी अधिकारी की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

साईकिल वितरण में पात्र-अपात्र का ठीक से परीक्षण करने के निर्देश

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समयसीमा में बच्चों को यूनिफॉर्म के मिलने वाली राशि का भुगतान करें। उन्होंने ब्लॉकवार शतप्रतिशत साईकिल वितरण एवं पोर्टल पर एण्ट्री करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा डिमांड होने पर और साईकिल मंगाने का प्रस्ताव भेजें। कलेक्टर ने कहा अधिकारी साईकिल के पात्र एवं अपात्र बच्चों का ठीक से परीक्षण करें। कलेक्टर ने ई-अटेंडेंस की समीक्षा करते हुए कहा अटेंडेंस के हिसाब से ही सभी की वेतन का भुगतान करें। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता से अधिकारी स्वयं बात करें और संतुष्टि से शिकायत को बंद कराएं। कलेक्टर ने बैठक में अनुपस्थित रहने पर डाईट प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## बकस्वाहा के उप स्वास्थ्य केंद्रों में लटका ताला, आखिर इलाज कौन करेगा?



**बकस्वाहा।** बकस्वाहा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च कर उप स्वास्थ्य केंद्रों के भवन तो तैयार कर दिए, लेकिन डॉक्टर और स्टाफ की नियुक्ति करना भूल गई। आलम यह है कि ब्लॉक के 16 उप स्वास्थ्य केंद्रों में से 6 केंद्र वर्षों से बंद पड़े हैं और उन पर ताले लटके हुए हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि जब डॉक्टर और स्टाफ ही उपलब्ध नहीं हैं, तो स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार का सपना कैसे पूरा होगा? ताजा मामला निमानी गांव का है। इस उप स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत लगभग 20 गांव आते हैं, जिनके लिए यह केंद्र खोला गया था। भवन निर्माण और सामग्री उपलब्ध कराए जाने के बावजूद यह केंद्र वर्षों से नहीं खुला। ग्रामीण कालीचरण, सियारानी और मिलन यादव बताते हैं कि यह केंद्र कई साल पहले खोला गया था, लेकिन उसके बाद न तो कोई स्टाफ आया और न ही लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलीं। बीमारी की स्थिति में ग्रामीणों को 15 किलोमीटर दूर बकस्वाहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाना पड़ता है। कई बार वाहन न मिलने पर मरीज की जान पर भी बन आती है। प्रसव के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, क्योंकि यहां न तो नर्स उपलब्ध होती है और न ही कोई अन्य स्वास्थ्यकर्मी। ग्रामीणों के अनुसार वे कई बार शिकायत दर्ज करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ।

### इनका कहना है -

मैंने शासन को पत्र लिखा है। जल्द ही स्टाफ की व्यवस्था कर इन केंद्रों को संचालित किया जाएगा।

**आर.पी. गुप्ता**
**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी छतरपुर**

# नवम्बर माह में जिले में न्यायालय द्वारा विभिन्न थानों के 149 से अधिक प्रकरणों में आरोपियों को मिली सजा

**छतरपुर।** पुलिस के निरंतर अनुसंधान एवं प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप माननीय न्यायालय द्वारा माह नवंबर में अभी तक जिले के विभिन्न थानों के 149 से अधिक प्रकरणों में आरोपियों को सजा सुनाई गई।थाना गढ़ीमलहरा (वर्ष 2022) हत्या एवं एससी/एसटी एक्ट के प्रकरण में आरोपी राहुल कुशवाहा को आजीवन कारावास एवं अर्थ दंड से दंडित किया गया। थाना सटई (वर्ष 2024) के दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट प्रकरण में आरोपी छोटू उर्फ राजेंद्र सेन को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया। थाना खजुराहो (वर्ष 2025) पोक्सो एक्ट प्रकरण में आरोपी मंगल कुशवाहा को 2 वर्ष सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया। थाना खजुराहो (वर्ष 2022) एससी/एसटी एक्ट के प्रकरण में आरोपी जिशान खान को 6 माह कारावास एवं अर्थ दंड से दंडित किया गया। थाना कोतवाली (वर्ष 2019) भ्रष्टाचार के प्रकरण में आरोपी नौनेलाल बुनकर को 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया। थाना नौगांव (वर्ष 2022) मारपीट एवं गंभीर चोट के प्रकरण में आरोपी रविंद्र पटेल एवं अन्य को तीन-तीन वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थ दंड से दंडित किया गया। थाना कोतवाली (वर्ष 2008) मारपीट के प्रकरण में आरोपी विंदा अहिरवार को एक वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया। थाना अलीपुरा (वर्ष 2020) चोरी के प्रकरण में आरोपी चंद्रपाल कुशवाहा को एक वर्ष कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया। थाना ईशानगर (वर्ष 2017) बलवा, मारपीट के प्रकरण में आरोपी हरपाल यादव एवं अन्य को एक वर्ष सश्रम करवास से एवं अर्थदंड से दंडित किया गया। थाना गुलगंज (वर्ष 2024) मारपीट के प्रकरण में आरोपी गजेंद्र अहिरवार एवं अन्य को तीन- तीन माह के कारावास से एवं अर्थदंड से दंडित किया गया। प्रकरणों में पुलिस द्वारा भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य एकत्र कर समय से न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। फॉरेंसिक साइंस टीम द्वारा एकत्रित साक्ष्य भी समय पर न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। साथ ही, साक्षियों के कथन सुरक्षा पूर्वक न्यायालय में पेश कर विधिक प्रक्रिया संपन्न करवाई गई। इन गंभीर अपराधों सहित जिले में माह नवंबर में अभी तक 149 से अधिक प्रकरणों में दोषसिद्धि दर्ज की गई है, जो छतरपुर पुलिस की सशक्त विवेचना, वैज्ञानिक जांच एवं जिला अभियोजन अधिकारी प्रवेश अहिरवार एवं अभियोजन टीम की पैरवी का परिणाम है।

## नई फसल चिया सीड एवं सरसों के डेमोंस्ट्रेशन हेतु जॉइंट विजिट प्रोग्राम आयोजित



**छतरपुर।** जिले के नंदलालपुरा गांव में सीएफएलडी एवं ऑयलसीड्स मिशन के तहत नई फसल चिया सीड तथा सरसों के डेमोंस्ट्रेशन के लिए एक जॉइंट विजिट प्रोग्राम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों तथा उप संचालक कृषि के नेतृत्व में आयोजित टीम ने संयुक्त रूप से फील्ड निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने किसानों से केवीके, इको लाइफ फेयर फाउंडेशन तथा अन्य संबंधित विभागों द्वारा दी जा रही उन्नत खेती तकनीकों और नवाचारों पर चर्चा की।जिला पंचायत सीईओ ने वर्मी कम्पोस्ट की विभिन्न यूनिट्स, नेचुरल फार्मिंग के अंतर्गत बीआरसी यूनिट, नई शुरू की गई फसल चिया सीड, बकरी पालन (ब्रीड सिरोही), कड़कनाथ पोल्ट्री यूनिट तथा नर्मदा निधि से संचालित फील्ड गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने कृषि अधिकारी को ड्रिप स्प्रिंकलर उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित भी किया। केवीके वैज्ञानिकों ने किसानों को उपलब्ध कराई जा रही तकनीकों, उनके खेतों पर पडने वाले प्रभाव तथा कुल मिलाकर उत्पादन एवं गुणवत्ता में होने वाले लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने भी नई तकनीकों के प्रति उत्साह दिखाते हुए कहा कि ऐसे संयुक्त प्रयास खेती को अधिक लाभकारी और उन्नत बनाने में बेहद सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

## एनटीपीसी विन्ध्याचल को कलिंगा सेफ्टी एक्सीलेंस अवॉर्ड 2025 में मिला प्लैटिनम श्रेणी का खिताब



**सिंगरौली।** एनटीपीसी विन्ध्याचल को 19 नवंबर 2025 को भुवनेश्वर में आयोजित 16वें राष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन (नेशनल सेफ्टी कॉन्क्लेव) में प्रतिष्ठित कलिंगा एक्सीलेंस सेफ्टी अवॉर्ड प्लैटिनम श्रेणी में प्रदान किया गया। यह उपलब्धि स्टेशन के विश्वस्तरीय सुरक्षा मानकों और सुदृढ़ सुरक्षा संस्कृति के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो कि श्री संजीब साहा, परियोजना प्रमुख(विन्ध्याचल) के नेतृत्व में निरंतर आगे बढ़ रही है।राष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन का आयोजन इंस्टीट्यूट ऑफ क्वालिटी एंड एनवायरनमेंट मैनेजमेंट सर्विसेज (**IQEMS**) द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज (**IPE**), हैदराबाद के सहयोग से किया गया। यह मंच औद्योगिक, एमएसएमई, निर्माण एवं खनन क्षेत्रों के सुरक्षा पेशेवरों के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान–प्रदान एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए जाना जाता है।पुरस्कार का वितरण ओडिशा विधानसभा की माननीय अध्यक्ष श्रीमती सुरमा पाढ़ी तथा माननीय सांसद डॉ. रबीन्द्र नारायण बेहेरा द्वारा किया गया। विंध्याचल की ओर से यह सम्मान श्री ए.के. मंडल, अपर महाप्रबंधक(एफएच), श्री बिवाधन प्रसाद, उप महाप्रबंधक(मैकेनिकल इरेक्शन), श्री संजय कुमार दास, वरिष्ठ प्रबंधक (सुरक्षा) तथा श्री सामरू राम कुर्रे, वरिष्ठ प्रबंधक (ईईडी) द्वारा ग्रहण किया गया।प्लैटिनम श्रेणी में यह गौरवपूर्ण उपलब्धि एनटीपीसी विन्ध्याचल की संचालन उत्कृष्टता, सुदृढ़ सुरक्षा संस्कृति और कार्यस्थल प्रथाओं में सतत सुधार के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता का एक और सशक्त प्रमाण है।

# व्यवस्थित रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को उपलब्ध कराएं रोजगार के नए अवसर : कलेक्टर

### कलेक्टर की अध्यक्षता में कौशल विकास समिति की बैठक आयोजित



**सिंगरौली।** कलेक्टर गौरव बैनल की अध्यक्षता में कौशल विकास समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई बैठक के दौरान कलेक्टर बैनल द्वारा संबंधित विभाग को कंपनियों के सहयोग से जिले में व्यवस्थित रोजगार मेले के आयोजन हेतु निर्देश दिए गए एवं युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से प्रशिक्षित करने के निर्देश कंपनियों को दिए गए।

बैठक की शुरुआत में संबंधित विभाग एवं कंपनियां द्वारा आयोजित किए जाने वाले रोजगार मेले के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के बाद कलेक्टर ने निर्देश दिए की सभी कंपनियां अनिवार्य रूप से कौशल विकास से संबंधित तीनों योजनाएं एन.ए.पी.एस , एन.ए.टी.एस एवं मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना अंतर्गत अपनी कंपनी का रजिस्ट्रेशन करें एवं अपनी वैकेंसी प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि इस माह होने वाले रोजगार मेले को व्यवस्थित तरीके से आयोजित किया जाए मेले के दौरान कंपनियों द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ योग्यता निर्धारित करते हुए रोजगार उपलब्ध कराए जाएं । उन्होंने निर्देश दिए की कंपनियां अपने-अपने निर्धारित किए गए वैकेंसियों को कौशल के आधार पर वर्गीकरण करें साथ ही रोजगार मेले के दौरान होने वाली भर्ती एक निर्धारित समय सीमा में पूर्ण की जाए । कलेक्टर बैनल ने कंपनियों को निर्देश दिए की सभी कंपनियां पूरी सकारात्मक ऊर्जा के साथ इस रोजगार मेले में भाग ले। यदि एप्लीकेंट में किसी कौशल की कमी है तो उन्हें प्रशासनिक कौशल योजनाओं के माध्यम से प्रशिक्षित करें। सभी कंपनियों को इन कौशल योजनाओं में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले को व्यवस्थित बनाने के लिए क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की सुविधा की व्यवस्था भी की जाए। जिसके माध्यम से प्रतिभागी अपने आवेदन के साथ-साथ जरूरी दस्तावेजों को अपलोड कर रोजगार मेले में सरलता के साथ भाग ले सके। कलेक्टर ने कहां की सभी कंपनियां आधुनिक युग को मद्देनजर नजर रखते हुए कोर्स डिजाइन करें तथा आईटीआई संस्थाओं के माध्यम से छात्रों का स्किल अपग्रेडेशन किया जाए। कंपनियों के वेंडर भी इस रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं। कलेक्टर ने रोजगार अधिकारी को निर्देश दिए की जो कंपनियां आज की बैठक में सम्मिलित नहीं हुई है उनके द्वारा भी वैकेंसियों की जानकारी ली जाए साथ ही अगले रोजगार मेला हेतु बड़ी जगह जैसे की चुनकुमारी स्टेडियम का चयन कर आयोजन किया जाए। बैठक के दौरान जिला व्यापार उद्योग के महाप्रबंध नवीन कुशवाहा, डीईओ एस बी सिंह , सहायक आयुक्त जनजातीय विभाग मिथिलेश इवने,जिला रोजगार अधिकारी श्याम लाल, ओमप्रकाश बैस ट्रेनिंग ऑफिसर आई.टी.आई सहित कम्पनियों के एच.आर मैनेजर उपस्थित रहे।

## जिले में बीज के नमूने अमानक होने पर विभाग द्वारा की गई कार्यवाही



**सिंगरौली।** कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशन में जिले के खाद एवं बीज की दुकानों का निरीक्षण कर नमूने लिए जा रहे है। कृषि विभाग के उप संचालक कृषि मनोज सिंह द्वारा बताया गया कि खाद एवं बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अभियान चलाकर खाद एवं बीज के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नमूने लिए जाकर प्रयोगशाला भेजे गया है । जिसमे से बीज के 03 नमूने अमानक आने पर बीज के प्रतिष्ठानों मेसर्स पवन बीज भण्डार कसर, चितरंगी, मेसर्स अंकित इंटरप्राइजेज गांगी, चितरंगी एवं मेसर्स उमेश बीज भण्डार दुधमनिया, चितरंगी के लायसेंस निरस्त किये गए। साथ ही साथ निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाये जाने पर वैधानिक मापदण्ड अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी ।

## खबर संक्षेप

### पांच बीएलओ निलंबित

**रीवा।** निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल द्वारा पांच बीएलओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। विधानसभा क्षेत्र मनगवां के मतदान केन्द्र क्रमांक 234 में नियुक्त बीएलओ माध्यमिक शिक्षक दीनानाथ कोल, मतदान केन्द्र क्रमांक 268 मढ़ीकला में नियुक्त बीएलओ शिक्षक रामसूरत आदिवासी, मतदान केन्द्र क्रमांक 16 पनगढ़ी खुर्द में नियुक्त बीएलओ प्राथमिक शिक्षक सुरेश कोल, मतदान केन्द्र क्रमांक 70 धुंधकी में नियुक्त बीएलओ प्राथमिक शिक्षक बसंतलाल प्रजापति को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र त्योंथर अन्तर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 101 में नियुक्त बीएलओ माध्यमिक शिक्षक कुलदीप गुप्ता को फोटो निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में लापरवाही बरतने पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निलंबित कर दिया गया है।

14 दिन पहले ही 11 बीएलओ ने मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाईजेशन का सौ फीसदी काम पूरा कर लिया है

# रीवा के 11 सुपर बीएलओ : डिजिटाइजेशन लक्ष्य 14 दिन पहले किया पूरा कलेक्टर ने व्हाइट टाइगर सफारी घूमने और मूव्ही टिकट का दिया ईनाम

**रीवा ।** रीवा जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा इसके लिए निर्धारित समय सीमा 4 दिसम्बर से 14 दिन पहले ही 11 बीएलओ ने मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाईजेशन का सौ फीसदी काम पूरा कर लिया है। इनमें विधानसभा क्षेत्र सेमरिया के पाँच, सिरमौर के दो, रीवा के तीन और मनगवां के एक बीएलओ शामिल हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने इन सभी बीएलओ को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित किया। सभी बीएलओ को प्रशस्ति पत्र तथा परिवार सहित मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी घूमने एवं



फिल्म के टिकट ईनाम के रूप में प्रदान किए गए। कलेक्टर तथा अपर कलेक्टर ने इन्हें प्रशस्ति पत्र और ईनाम प्रदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती पाल ने कहा कि आप सभी ने कठिन परिश्रम और लगातार प्रयास करके लक्ष्य को समय से पहले 14 दिन पहले ही प्राप्त करके अन्य सभी बीएलओ के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया है। सही रणनीति, सही तैयारी और अच्छे प्रयासों से यह सफलता मिली है।समारोह में विधानसभा क्षेत्र सेमरिया के मतदान केन्द्र क्रमांक 25 के बीएलओ राकेश कुमार गौतम, मतदान केन्द्र क्रमांक 88 खारा के बीएलओ चन्द्रमौल सिंह, मतदान केन्द्र क्रमांक 96 चचाई के बीएलओ सुरसरी प्रसाद रावत, मतदान केन्द्र क्रमांक 155 के बीएलओ सुखेदव सिंह एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 41 जिवार के बीएलओ रामलखन शर्मा को सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने विधानसभा क्षेत्र सिरमौर के मतदान केन्द्र क्रमांक 191 जोकहा के बीएलओ रामकृष्ण शर्मा तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 201 बैकुंठपुर के बीएलओ रामदयाल नामदेव को भी सम्मानित किया। कलेक्टर ने विधानसभा क्षेत्र रीवा के मतदान केन्द्र क्रमांक 22 अजगरहा के बीएलओ समरजीत सिंह तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 21 अजगरहा के बीएलओ अनीता तिवारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 230 भटलो के बीएलओ मिथिलेश चतुर्वेदी को सम्मानित किया। मनगवां विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 125 हकरिया के बीएलओ रामलोचन कुशवाहा को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक, एसडीएम हुजूर अनुराग तिवारी, एसडीएम गुढ़ सुधाकर सिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कड़ाके की ठंड में अनाश्रित भिखारी की मौत, जांच में जुटी पुलिस



**रीवा।** शहर में बढ़ती ठंड के बीच बीती रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। अस्पताल चौराहे के पास एक अज्ञात भिखारी मृत अवस्था में मिला। प्रारंभिक आशंका है कि ठंड की तीव्रता ने उसकी जान ले ली। स्थानीय लोगों ने जब उसे बेसुध स्थिति में देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते अमहिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को संजय गांधी अस्पताल की मर्चुरी में सुरक्षित रखवाया गया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। आस-पास के क्षेत्र में पूछताछ की जा रही है ताकि उसकी पहचान और अन्य जानकारी सामने आ सके। अचानक बढ़ी सर्दी ने नगर में चिंता बढ़ा दी है। प्रशासन बेघर और जरूरतमंद लोगों के लिए आश्रय स्थलों की व्यवस्था पर जोर दे रहा है, वहीं पुलिस ठंड से मौत की आशंका को ध्यान में रखते हुए पोस्टमार्टम सहित सभी आवश्यक जांच कर रही है।पुलिस का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल मामले की गहन जांच जारी है।

## सावी मदर इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**रीवा।** सावी मदर इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन द्वारा इस सप्ताह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण गतिविधियाँ का आयोजन किया गया। जिनके माध्यम से छात्रों ने शिक्षा, संस्कृति, आध्यात्मिकता, खेल और आधुनिक तकनीक सभी क्षेत्रों का समृद्ध अनुभव प्राप्त किया। छात्रों को अमरकंटक की तीन दिवसीय यात्रा कराई गई। विद्यालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अमरकंटक शैक्षणिक यात्रा विद्यार्थियों के लिए अत्यंत यादगार रही। बच्चों ने पवित्र नर्मदा माता के उद्गम स्थल पर दर्शन कर आध्यात्मिक शांति एवं भक्ति की अनुभूति की। साथ ही, उन्होंने अमरकंटक के प्राकृतिक जलप्रपात, घने वन क्षेत्र, धार्मिक मंदिरों और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया, जिससे उन्हें आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक ज्ञान प्राप्त हुआ। वापसी के दौरान बच्चों को पवित्र शक्तिपीठ माता के दर्शन भी कराए गए। इन दिव्य अनुभवों से बच्चों में विश्वासए अनुशासनए संस्कृति से जुड़ाव और प्रकृति के प्रति सम्मान बढ़ा। विद्यालय प्रबंधन की माने तो विद्यालय परिसर में ब्रेनीवुड लैब का शुभारंभ किया गया है। यह लैब बच्चों के मानसिक संतुलन, मेमोरी पावर, तर्क शक्ति, एकाग्रता, निर्णय क्षमता और रचनात्मक सोच को विकसित करने के लिए उन्नत तकनीक पर आधारित है। इस लैब का उद्देश्य विद्यार्थियों को दिमाग के दोनों हेमिस्फियर्स का संतुलित उपयोग, तेज सोचने की क्षमता, कॉन्सेप्ट को गहराई से समझने की शक्ति, समस्या समाधान कौशल, आत्मविश्वास का विकास, अध्ययन में एकाग्रता, तनाव प्रबंधन, नवाचार और रचनात्मकता से सशक्त बनाना है।

# गणना पत्रक डिजिटाईजेशन का कार्य शीघ्र पूर्ण करें : कलेक्टर

**22 नवम्बर तक जिले में 60 प्रतिशत से अधिक डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण करायें**

**मऊगंज।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं का सत्यापन किया जा रहा है। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के तहत प्रत्येक मतदाता से गणना पत्रक में जानकारी प्राप्त कर उसका डिजिटाईजेशन किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार जैन ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि गणना पत्रक के डिजिटाईजेशन का कार्य शीघ्र पूर्ण करें। बीएलओ को गणना पत्रक प्राप्त करने अथवा डिजिटाईजेशन में आ रही कठिनाई को दूर कराएं। जो बीएलओ तकनीकी रूप से कार्य करने में कमजोर हैं उन्हें विभागीय अमले से सहयोग देकर डिजिटाईजेशन कराएं। गणना पत्रक का डिजिटाईजेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूरा करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि मतदाताओं के फोटो और आधार संख्या संकलित करने का प्रयास न करें। केवल गणना पत्रक को भरने और डिजिटाईजेशन पर ध्यान दें। 2003 के बाद बहू के रूप में परिवार में शामिल हुई महिलाओं के माता-पिता तथा दादा-दादी की जानकारी प्राप्त कर उनका सत्यापन कराएं। बीएलओ तय समय सीमा में कार्य पूरा करने के लिए अन्य कर्मचारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी



सहयोग ले सकते हैं। बैठक में 40 प्रतिशत से कम प्रगति होने पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि 22 नवम्बर तक जिले में 60 प्रतिशत से अधिक डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण करायें। गांव में कम्प्यूटर चलाने की दक्षता वाले व्यक्ति का भी डिजिटाईजेशन में सहयोग लें। शिफ्टेड मतदाताओं की सूची बनाकर उनका पूर्व के निवास स्थान से सत्यापन कराएं। बैठक में अपर कलेक्टर पी.के. पाण्डेय, एसडीएम मऊगंज राजेश मेहता, एसडीएम हनुमना रश्मि चतुर्वेदी, संयुक्त कलेक्टर एपी द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर पवन गोरैया सहित सभी विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग आफीसर तथा सहायक रिटर्निंग आफीसर एवं सेक्टर आफीसर तथा बीईओ, बीआरसीसी, सीडीपीओ उपस्थित रहे।

## जिले में दिसंबर से दौड़ेगी 6 नई इंटरसिटी इलेक्ट्रिक बस

**रीवा।** स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल परिवहन प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए रीवा सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड ने इंटरसिटी इलेक्ट्रिक बस संचालन का महत्वपूर्ण अनुबंध जारी कर दिया है। रीवा सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड के सीईओ एवं नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने कंपनी के संचालक राहुल पाटिल को अनुबंध प्रदान किया गया। इस दौरान चीफ ऑपरेटर ऑफिसरमुरारी कुमार उपस्थित रहे। इस परियोजना के लिए एरोईगल ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड, पुणे को सफल निविदाकार के रूप में चयनित किया गया है। गौरतलब है इस परियोजना के तहत कुल 6 इलेक्ट्रिक एसी इंटरसिटी बसों का संचालन किया



जाएगा। दिसंबर से शहर में 6 इलेक्ट्रिक एसी बस का संचालन शुरू हो जाएगा। परियोजना लागत लगभग रू. 9 करोड़ निर्धारित है। ये बसें रीवा से सतना, सीधी और जबलपुर मार्गों पर संचालित की जाएगी । प्रत्येक मार्ग पर 2-2 बसें संचालित की जाएँगी। डॉ. सोनवणे ने बताया कि इन बसों का संचालन ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देगा, प्रदूषण में कमी लाएगा तथा यात्रियों को आरामदायक, आधुनिक और सुरक्षित यात्रा सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि शहर को सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट हब बनाने की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण साबित होगा।



## मतदाता सूची पुनरीक्षण से जुड़े डाटा की जाँच के लिए दल तैनात

**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित डाटा की जाँच के लिए दल तैनात किए हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में तीन सदस्यीय दल तैनात किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र सिरमौर के लिए परियोजना अधिकारी डॉ संजय सिंह, विधानसभा क्षेत्र सेमरिया में परियोजना अधिकारी आभा सिंह, विधानसभा क्षेत्र त्योंथर में सहायक परियोजना अधिकारी श्रीमती स्मिता खरे तथा विधानसभा क्षेत्र मनगवां में सहायक परियोजना अधिकारी विनोद कुमार पाण्डेय को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र रीवा में लेखा अधिकारी प्रीति डेहरिया तथा विधानसभा क्षेत्र गुढ़ में परियोजना अधिकारी शिव सोनी को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। इन्हें सहयोग देने के लिए दो-दो कार्यालय सहायक तथा डाटा एंट्री आपरेटर तैनात किए गए हैं। सभी दल अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची से संबंधित डाटा की जाँच करेंगे। इन दलों को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण दिया गया।

## आंगनवाड़ी केंद्र हकरिया में स्वास्थ्य शिविर हुआ संपन्न

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी के सयुंक्त तत्वावधान में**




**मऊगंज** सम्पूर्ण सुरक्षा केंद्र मेडिकल कॉलेज रीवा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी के सयुंक्त तत्वावधान मे आज दिनांक 20/11/2025 कोस्वास्थ शिविर का आयोजन आंगनवाड़ी केंद्र हकरिया में किया गया जिला क्षय अधिकारी डॉ अनुराग शर्मा के निर्देशानुसार एवं बीएमओ डॉ आर के पाठक सर के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र हकरिया में किया गया जिसमे 96 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ इस स्वाथ्य शिविर में डॉ शिव कुमार पटेल द्वारा हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया स्वास्थ्य शिविर में 40 लोगो का स्पुटम जॉच हेतु एकत्रित किया गया और इस शिविर में 88 एच आई व्ही वी/वीडीआर एल, और 88 हेपेटाइटिस बी , सी तथा 64 मरीजो का बी पी तथा 58 मरीजों का शुगर जांच की गई तथा चर्म रोग 01 लोगों को चिन्हित किया गया और 02 क्लाइंट एस टी आई की शिकायत बताई गई और सभी का सफल स्वास्थ्य परीक्षण किया गया इस स्वास्थ्य शिविर में डॉ शिवकुमार पटेल, नेत्र सहायक बी एल तिवारी,सेक्टर सुपरवाइजर मनोज मिश्रा, एसटीएस त्रिपाठी, एफ डी आशीष खरे , फार्मासिस्ट रमेश पटेल, काउंसलर इंदपाल सेन,एस एसएस के मैनेजर पुष्पराज विश्वकर्मा, सीएचओ पूजा पाटीदार, एएनएम सुनीता आदिवासी , एसएसकेओआर डब्ल्यू लवकुश वर्मा, जे एस एस अनीश खान,आरबीस अमृत पटेल, आशा सहयोगी रीना सिंह ,सभी आशा उपस्थित रहकर स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाया

# जमानत पर जेल से बाहर आई बदमाशों की गैंग

**क्रेशर संचालक से की पैसे की मांग, पुलिस को कई बार दी शिकायत**

रीवा।

शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र के ग्राम बैजनाथ स्थित एक केशर प्लांट के संचालक सचिन कुशवाहा ने प्रेसवार्ता कर गंभीर आरोप लगाए हैं कि क्षेत्र में सक्रिय एक कथित हथियारबंद गिरोह द्वारा उनसे लगातार धमकियां दी जा रही हैं और हर महीने 40,000 रुपये की अवैध वसूली की माँग की जा रही है। संचालक के अनुसार गिरोह के जिन सदस्यों पर उन्होंने आरोप लगाए हैं, उनमें कुलदीप पटेल, दिग्विजय सिंह, टिंकू खान, शिब्बू चोर, अतुल पटेल, विकास पटेल उर्फ बेटू, राजू यादव, अतुल त्रिपाठी, मोनू चौबे, शनि तिवारी दया, धर्मेंद्र पटेल और आशू पटेल शामिल हैं। सचिन का कहना है कि इनमें से कई नाम ऐसे है जिनके विरुद्ध शहर के विभिन्न थानों में गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है, जो जमानत पर जेल से बाहर आकर क्षेत्र में आतंक फैला कर रखे हैं। संचालक ने बताया कि 15 अक्टूबर की शाम करीब 30–40 युवक लगभग 10 चारपहिया वाहनों में सवार होकर उनके क्रेशर प्लांट पर पहुंचे। आरोप है कि गिरोह का सरगना बताए जा रहे कुलदीप पटेल ने उनसे साफ कहा प्लांट चलाना है तो हर महीने 40 हजार रुपये देने होंगे, हम पुलिस और खनिज विभाग से ऊपर हैं। सचिन कुशवाहा के मुताबिक, युवक तलवार, कट्टा और अन्य हथियार



लहराते हुए उन्हें डराने-धमकाने लगे। उनकी मांग अनुसार जब हमने पैसा नहीं दिया तो 18 नवंबर की रात करीब 10 बजे 20–25 कथित हथियारबंद युवक कई चारपहिया वाहनों में आए और प्लांट के ट्रकों को रोक लिया। आरोप है कि युवकों ने दो राउंड फायरिंग की और ड्राइवरों से कहा कि मालिक को बुलाओ, वरना ट्रक जप्त कर लेंगे। उस समय संचालक रीवा शहर में एक पारिवारिक निजी कार्यक्रम में थे। सूचना मिलने पर उन्होंने तत्काल पुलिस को कॉल किया। इसकी भनक जब आसपास के ग्रामीणों को लगी ग्रामीणों के हस्तक्षेप और पुलिस की मौजूदगी से बड़ी घटना टल गई, ग्रामीणों और बदमाशों की गैंग के बीच खदेड़ने के दौरान हाथापाई भी हुई, क्रेशर संचालक ने आरोप लगाया कि असली हमलावरों पर कड़ी कार्रवाई न करते हुए, पुलिस ने उल्टा उनके और उनके भाई के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया, जबकि वे घटना के समय मौके पर मौजूद भी नहीं थे। जिसके लिए उन्होंने कहा कि वह किसी भी स्तर की जांच के लिए तैयार हैं।पूर्व में की थी शिकायत, लेकिन पुलिस ने नहीं की कार्रवाई संचालक का कहना है कि इससे पहले 25 अक्टूबर को भी उन्होंने थाना चोरहटा में लिखित शिकायत दी थी, लेकिन गिरोह की गतिविधियाँ जारी हैं। उन्होंने आशंका जताई कि आरोपित उनके या उनके परिवार के साथ किसी गंभीर घटना को अंजाम दे सकते हैं। क्रेशर संचालक ने बताया कि कुछ दिन पूर्व चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत उनके घर के बाहर बाइक समर बदमाशों ने गोली चलाकर दहशत फैलाने का भी प्रयास किया था फरियादी ने घटना की शिकायत थाने से लेकर पुलिस अधीक्षक और रीवा ज़ोन आईजी तक की है और न्याय की मांग की है।

**वनकर्मी को बनाया बंधक मोबाइल से जबरन डिलीट कराए वीडियो**

# जिले में वन विभाग की टीम पर हमला

रीवा।

रीवा जिले के पनवार थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कल्याणपुर स्थित हरिजनपुरवा में वन विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। वनरक्षक अंशुमान साकेत को कमरे में बंद कर बंधक बनाया गया और उनके मोबाइल में दर्ज वीडियो और फोटो जबरन डिलीट कराए गए। वन विभाग की टीम जंगली सूअर के अवैध शिकार को रोकने गई थी। वनरक्षक अभिभावन चौबे के अनुसार, जंगली सूअर के अवैध शिकार के आरोपी रमाकांत कोल को पकड़कर पूछताछ की जा रही थी।



तभी पांच से अधिक ग्रामीण मौके पर पहुंचे और वनकर्मियों से भिड़ गए। देखते ही देखते भीड़ आक्रामक हो गई और धक्का-मुक्की, मारपीट शुरू हो गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वन विभाग की टीम घरों में घुसकर महिलाओं से बहसबाज़ी कर रही थी और गाली-गलौज कर रही थी। वे यह भी कह रहे हैं कि "असल शिकारी तो बच निकले, लेकिन आदिवासी परिवारों पर झूठे मामले दर्ज किए जा रहे हैं और गांव के दबंग हमें फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। वनरक्षक अंशुमान साकेत ने कुछ वीडियो बनाएं थे, जिसके कारण ही उन्हें बंधक बनाया गया। स्थिति बिगड़ने पर पनवार पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के आने के बाद भीड़ भाग गई और कमरे में बंद वनरक्षक को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस घटना में वनरक्षक हरीशंकर पाल भी घायल हुए हैं। वन विभाग ने आरोपी रमाकांत कोल के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की और उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा। इनका क्या कहना है मामले में वन अमले पर हमला, बंधक बनाने और मारपीट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। मुख्य आरोपी अभी फरार है और उसकी तलाश जारी है।प्रवीण उपाध्याय थाना प्रभारी पनवार